रोहतक
मंगलवार, 8 जुलाई 2025
आषाढ़ मास शुक्ल पक्ष, त्रयोदशी वर्ष : 29, अंक : 158
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00


**मौसम**
अधि. 36.3
न्यून. 22.4


# हरिभूमि
हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com


**बाजार का हाल**

| मार्केट | बंद | उछाल |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 83,422.50 | 9.61 ▲ |
| निफ्टी | 25,461.00 | 55.70 ▲ |

| धातु | कीमत | गिरावट |
|---|---|---|
| सोना | 98,570/- | 500/- ▼ |
| चांदी | 1,04,800/- | --- |

(सोना प्रति 10 ग्राम और चांदी प्रति किलो रु. में)

| मुद्रा | प्रति डॉलर | नीचे/ऊपर |
|---|---|---|
| रुपया | 85.87 | 47 पैसे ▼ |
| क्रूड ऑयल | 68.50 बैरल | 0.29% ▲ |

पेट्रोल दिल्ली में 94.72 रु. लीटर और डीजल 87.62 रु. लीटर बिक रहा है।

## अंदर के पन्नों पर


- दूल्हे व बारातियों से मारपीट अस्पताल में हुई शादी — पेज-3
- मतदाता सूचियों के विशेष गहन पर्यवेक्षण पर सुनवाई 10 को — पेज-5
- कुश्ती : अण्डर 17 टीम में चुने गए 6 खिलाड़ी — पेज-7


# पीएम मोदी ने ब्रिक्स के मंच से पाक को दिखाया आईना बोले-आतंकवाद पर दोहरे मापदंड बर्दाश्त नहीं होंगे

जो देश आतंकवाद को समर्थन देगा उसे कीमत चुकानी होगी, आतंक के खिलाफ निर्णायक फैसला लेना होगा

**रियो डी जिनेरियो (भाषा)।** पीएम नरेन्द्र मोदी ने ब्रिक्स देशों से वैश्विक सहयोग एवं बहुध्रुवीय विश्व में अहम भूमिका निभाने का आह्वान करते हुए कहा कि वे मिसाल बनें और 'ग्लोबल साउथ' की अपेक्षाओं को पूरा करें। 'ग्लोबल साउथ' शब्द का इस्तेमाल आम तौर पर आर्थिक रूप से कम विकसित देशों को संदर्भित करने के लिए किया जाता है। वहीं, ब्रिक्स के मंच से पाक को आईना दिखाते हुए मोदी ने कहा कि दोहरे आतंकवाद पर मापदंडों की कोई जगह नहीं होनी चाहिए। अगर कोई देश आतंकवाद का प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से समर्थन करता है तो उसे इसकी कीमत चुकानी पड़ेगी। आतंकवाद का समर्थन या इसकी मौन सहमति को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पीएम मोदी ने सभी देशों से इस पर निर्णायक फैसला लेने को कहा है।

(पेज 8 भी देखें)



### विश्व के लिए मार्गदर्शक बने ब्रिक्स

17वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में 'बहुपक्षवाद, आर्थिक-वित्तीय मामलों और कृत्रिम मेधा को सुदृढ़ करने' पर आयोजित सत्र को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि इस समूह की ताकत इसकी विविधता और बहुध्रुवीयता के प्रति साझा प्रतिबद्धता में निहित है। 'ब्रिक्स समूह की विविधता और बहुध्रुवीयता में हमारी दृढ़ आस्था ही हमारी सबसे बड़ी ताकत है। हमें विचार करना होगा कि आने वाले समय में ब्रिक्स किस प्रकार बहुध्रुवीय विश्व के लिए एक मार्गदर्शक शक्ति बन सकता है।'

### तंत्रों को बेहतर बनाने पर जोर दें

पीएम ने 'एक्स' पर कहा, 'सबसे पहले, हमारे अपने तंत्रों को बेहतर बनाने पर जोर होना चाहिए, ताकि जब हम बहुपक्षीय संस्थाओं में सुधार की बात करें तो हमारी विश्वसनीयता भी मजबूत हो। यह इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि ब्रिक्स के भीतर आर्थिक सहयोग लगातार बढ़ रहा है।' 'ब्रिक्स न्यू डेवलपमेंट बैंक (एनडीबी) के माध्यम से परियोजनाओं को मंजूरी देते समय, मांग-आधारित निर्णय प्रक्रिया, दीर्घकालिक वित्तीय स्थिरता और एक स्वस्थ 'क्रेडिट रेटिंग' बनाए रखने पर ध्यान केंद्रित किया जाना चाहिए।'

### मिसाल कायम करनी होगी

'ग्लोबल साउथ' की अपेक्षाओं को पूरा करने की आवश्यकता पर बल देते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि ब्रिक्स को कृषि और विज्ञान में नवोन्मेषों को साझा करना चाहिए। 'ग्लोबल साउथ को हमसे अपेक्षाएं हैं। उन्हें पूरा करने के लिए हमें मिसाल कायम करनी होगी। भारत साझा लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए सभी साझेदारों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।' मोदी ने भारत में स्थापित ब्रिक्स कृषि अनुसंधान मंच को एक ऐसा मॉडल बताया, जिसके माध्यम से कृषि जैव प्रौद्योगिकी और जलवायु अनुकूलन के क्षेत्र में श्रेष्ठ पद्धतियों का आदान-प्रदान किया जा सकता है।

### एआई के संचालन के लिए सामूहिक प्रयास करें

प्रधानमंत्री ने कृत्रिम मेधा (एआई) के संचालन के लिए ऐसे सामूहिक प्रयासों की वकालत की, जो मानवीय मूल्यों पर आधारित हो। सभी के लिए एआई' के मंत्र पर कार्य करते हुए भारत कृषि, स्वास्थ्य, शासन और शिक्षा जैसे क्षेत्रों में एआई का सक्रिय और व्यापक उपयोग कर रहा है।' 'हम मानते हैं कि एआई संचालन से जुड़ी चिंताओं का समाधान और नवोन्मेष को प्रोत्साहन, दोनों को समान प्राथमिकता दी जानी चाहिए।' मूल रूप से ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका से मिलकर बने ब्रिक्स का 2024 में विस्तार किया गया।

## खबर संक्षेप

### अमेरिका में गोलीबारी 3 की मौत, 10 घायल

**फिलाडेल्फिया।** अमेरिका में दक्षिण फिलाडेल्फिया के इलाके में सोमवार तड़के हुई गोलीबारी की घटना में तीन लोगों की मौत हो गई और 10 अन्य घायल हो गए। पुलिस आयुक्त केविन बेथेल ने संवाददाताओं को बताया कि मृतकों में तीन लोग वयस्क थे तथा घायलों में दो किशोर हैं। गोलीबारी की यह घटना ग्रेज फेरी में रात एक बजे से कुछ पहले हुई। भाषा

### बीएसएफ जवान ने खुद को गोली मार जान दी

**सांबा/जम्मू।** जम्मू कश्मीर के सांबा में अग्रिम चौकी पर तैनात बीएसएफ के एक जवान ने अपनी सर्विस राइफल से गोली मारकर आत्महत्या कर ली। अधिकारियों ने बताया कि कांस्टेबल मृदुल दास रामगढ़ सेक्टर में सीमा चौकी मल्लुचक पर संतरी की ड्यूटी पर तैनात थे, तभी उन्होंने खुद को गोली मार ली। उन्होंने बताया कि अभी इस घटना की वजह का पता नहीं चल सका है। भाषा

### यंग इंडियन ने ईडी के मामले पर उठाया सवाल

**नई दिल्ली।** यंग इंडियन ने दलील दी कि आयकर विभाग ने 'नेशनल हेराल्ड' समाचारपत्र की प्रकाशक एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) को दिए गए 90 करोड़ रुपये के ऋण को दिखावटी लेनदेन बताया था और कहा था कि "पैसे कहीं नहीं गए", लेकिन यह ईडी के मामले का आधार बन गया। ईडी ने सोनिया और राहुल गांधी, दिवंगत कांग्रेस नेता मोतीलाल वोरा और ऑस्कर फर्नांडीस, सुमन दुबे, सैम पित्रोदा और एक निजी कंपनी यंग इंडियन पर 'नेशनल हेराल्ड' अखबार प्रकाशित करने वाली एजेएल की 2,000 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की संपत्तियों के धोखाधड़ी से अधिग्रहण पर साजिश और धनशोधन का आरोप लगाया है।

### जैव प्रौद्योगिकी स्टार्टअप की संख्या 11,000 हुई

**नई दिल्ली।** विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री जितेंद्र सिंह ने सोमवार को कहा कि प्रत्येक भारतीय देश की जैव अर्थव्यवस्था में एक हितधारक है। मंत्री ने कहा कि भारत का जैव प्रौद्योगिकी पारिस्थितिकी तंत्र एक दशक पहले लगभग 50 स्टार्टअप से बढ़कर लगभग 11,000 स्टार्टअप तक पहुंच गया है, जो नीतिगत समर्थन और संस्थागत भागीदारी से संभव हुआ है। भाषा

### बिहार में जादू-टोना के संदेह में 5 की हत्या

**पूर्णिया।** बिहार के पूर्णिया जिले में जादू-टोना करने के संदेह में एक ही परिवार के 5 सदस्यों की हत्या कर दी गई और उनके शवों को जला दिया गया। पुलिस मृतकों की पहचान की कोशिश कर रही है। पूर्णिया के पुलिस उप महानिरीक्षक (डीआईजी) प्रमोद कुमार मंडल ने बताया, "शुरुआती जांच से पता चलता है कि टेटमा गांव में एक ही परिवार के पांच सदस्यों की पहले जादू-टोना करने के शक में हत्या की गई। भाषा

### एलएलआईएन खरीद घोटाले में सीबीआई ने दर्ज की एफआईआर

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने एक सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम से कीटनाशक युक्त मच्छरदानी (एलएलआईएन) खरीद घोटाले के मामले में एफआईआर दर्ज की है। अधिकारियों ने बताया कि जिन मच्छरदानियों की कीमत प्रति नग 49 रुपये से 52 रुपये थी, उन्हें एक सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम द्वारा बढ़ी हुई दरों-228 से 237 रुपये प्रति नग पर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के तहत काम करने वाली केंद्रीय चिकित्सा सेवा सोसाइटी (सीएमएसएस) को बेची गई। भाषा

## आज भी 6 जिलों में तेज बारिश का अलर्ट

# सूबे में बारिश, चरखी दादरी में डूबने से युवक की मौत

- मौसम विभाग ने कहा, 10 जुलाई तक बारिश होगी, पारा गिरेगा
- उमसभरी गर्मी से मिलेगी राहत, धान उत्पादक किसानों के लिए फायदेमंद
- बारिश के कारण कई इलाकों में बिजली गुल, जलभराव से परेशानी

**हिसार (हरिभूमि न्यूज)।** प्रदेश के 8 जिलों में सोमवार को तेज बारिश हुई। इन जिलों में हिसार, जींद, झज्जर, रेवाड़ी, चरखी दादरी, फतेहाबाद, करनाल और फरीदाबाद शामिल हैं। इस बारिश से तापमान में गिरावट दर्ज की गई और उमसभरी गर्मी से बड़ी राहत मिली है। वहीं, बिजली गुल होने और निचले इलाकों में पानी भरने से लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। उधर, चरखी दादरी के कारीदास गांव में भारी बारिश के कारण सड़क पर भरे पानी में डूबने से एक युवक की मौत हो गई। डीसी की सरकारी कोठी के बाहर भी पानी भर गया। हिसार और फरीदाबाद में भी भारी बारिश से जलभराव के साथ कई इलाकों में बिजली गुल हो गई है। दोपहिया वाहन भी डूब गए। झज्जर के लघु सचिवालय में भी जलभराव हो गया। मौसम विज्ञान केंद्र, चंडीगढ़ ने मंगलवार को भी 6 जिलों में बारिश की संभावना जताई है। इन जिलों में बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है। यह बारिश धान उत्पादक किसानों के लिए फायदेमंद है। इससे धान का फुटाव अच्छा होगा।



### मौसम में आगे क्या

हकृवि के कृषि मौसम विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ. मदन खीचड़ के अनुसार बंगाल की खाड़ी की तरफ से नमी वाली मानसूनी हवाएं राज्य की तरफ आने से हरियाणा में 10 जुलाई तक मौसम आमतौर पर परिवर्तनशील रहने की संभावना है। इस दौरान राज्य के ज्यादातर क्षेत्रों में हवाओं व गरजचमक के साथ बारिश होने की संभावना है। इस दौरान कुछ एक स्थानों पर तेज बारिश की संभावना बन रही है। जिससे इस दौरान दिन के तापमान में हल्की गिरावट तथा वातावरण में नमी की अधिकता बने रहने की संभावना है।

### हिसार में झमाझम

हिसार व आसपास के क्षेत्रों में रविवार रात व सोमवार सुबह झमाझम बारिश ने उमस भरी गर्मी से राहत दी। शहर के कई पॉश एरिया समेत निचले इलाकों में जलभराव हो गया। लोगों को आवागमन में भारी दिक्कतें को सामना करना पड़ा। कई स्थानों पर दुपहिया वाहन जलभराव के कारण बीच रास्ते में फंस गए। सुबह के समय बारिश के कारण विद्यार्थी स्कूलों में भीगते हुए पहुंचे।

### देश में यह हाल

- गुजरात के नवसारी में पूर्णा नदी उफान पर है। शहर के 15 से ज्यादा निचले इलाकों में 3-4 फीट पानी है। हजारों घरों में पानी भरा है।
- उत्तराखंड के उत्तरकाशी में यमुनोत्री हाईवे पर ओजरी पुल नदी में बह गया।
- श्रीनगर में तेज बारिश से लैंडस्लाइड से बद्रीनाथ हाईवे बंद हो गया है।
- छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में कई इलाके डूबे। कोरबा में 17 लोग बाढ़ में फंस गए थे। सभी को बचाया गया।
- मध्य प्रदेश के मंदसौर में 2 युवक गांधी सागर डैम में डूब गए। कटनी में भी एक युवक बाढ़ में बहा। सीहोर में पार्वती नदी उफान पर है।

# जुलाना में ज्वेलर्स से आधा किलो सोना और पांच किलो चांदी लूटी

- 3 बाइकों पर आए बदमाशों ने मारपीट कर पिस्तौल के बल पर की वारदात
- रोहतक से सोने और चांदी के आभूषणों को लेकर जींद जा रहा था
- जींद के विकास नगर का रहने वाला है ज्वेलर्स अनिल कुमार

**जुलाना/जींद (हरिभूमि न्यूज)।** पौली गांव के पास सोमवार को दिन दहाड़े एक ज्वेलर्स से बाइक सवार 5 बदमाशों ने पिस्तौल दिखाकर आधा किलो सोना और पांच किलो चांदी लूट ली। बदमाशों ने ज्वेलर्स को पीटकर घायल भी कर दिया। लूटे गए सोने चांदी की कीमत 50 लाख रुपये से अधिक बताई जा रह है। पीड़ित ज्वेलर्स जींद के विकास नगर निवासी अनिल कुमार ने बताया कि वह सोमवार दोपहर बाद रोहतक से सोना(करीब आधा किलो) और चांदी (करीब 5 किलो) के आभूषण लेकर जींद जा रहा था। उसके पास कुछ नकदी भी थी। दो बजे के करीब वह जींद की तरफ पौली गांव के पास पहुंचा तो तीन बाइकों पर सवार होकर 5 युवकों ने उसकी बाइक रुकवा ली और डंडे, बिंडों से हमला कर दिया। इसके बाद उसकी कनपटी पर पिस्तौल लगाकर सोना, चांदी और नकदी लेकर फरार हो गए। जुलाना थाना पुलिस मौके पर पहुंची और तलाशी अभियान चलाया। वहीं, घायल अनिल को जुलाना के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ले जाया गया जहां उसके परिजन भी पहुंच गए।

**लूटे गए सोने-चांदी की कीमत 50 लाख रुपये से अधिक**



जुलाना के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में घायल अवस्था में पहुंचा अनिल।

### बदमाशों ने 2 युवकों को गोलियां मारी थीं

रविवार को रात 9 बजे पौली गांव के पास पेट्रोल पंप के पास अज्ञात बदमाशों ने दो युवकों को गोली मार दी थी, जिसमें एक की मौके पर ही मौत हो गई थी। अभी इस घटना को हुए मात्र 17 घंटे ही हुए थी कि उसी घटनास्थल से मात्र 200 मीटर दूरी पर बदमाशों ने ज्वेलर से लूट की वारदात को अंजाम दे दिया।

**लोग बचाने आए तो बदमाशों ने कहा गोली मार देंगे**

अनिल ने बताया कि बदमाशों ने उसका अपहरण करने की कोशिश की तो एक दो आदमी उसकी मदद के लिए आगे आए। इस दौरान बदमाशों ने असला लहरा दिया और कहा कि अगर कोई बीच में आया तो गोली मार देंगे। ज्वेलर ने का कि बदमाश पिस्तौल दिखाकर उससे सोना और चांदी लूट ले गए। सादी जिंदगी की कमाई थी।

वीसी के जरिये हुई पेशी, कोर्ट का फैसला

# यूट्यूबर ज्योति की न्यायिक हिरासत 21 जुलाई तक बढ़ी

**सरकार के निमंत्रण पर केरल गई ज्योति भाजपा का हमला**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

पाकिस्तान के लिए जासूसी के आरोप में गिरफ्तार की न्यू अग्रसेन कॉलोनी निवासी यू-ट्यूबर ज्योति मल्होत्रा को फिर 14 दिन की न्यायिक हिरासत में 21 जुलाई तक जेल भेज दिया है। सोमवार को ज्योति की छठी बार पेशी हुई। वीसी के माध्यम से हुई पेशी के दौरान अदालत ने उसे फिर न्यायिक हिरासत में भेजने के निर्देश दिए। ज्योति को पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में मई में गिरफ्तार किया गया था। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान ज्योति द्वारा जासूसी की बात सामने आई थी और उसी दौरान पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया था। अब 21 जुलाई को फिर से उसकी पेशी होगी।



### आरटीआई में खुलासा

मल्होत्रा मामले में आरटीआई के तहत दायर याचिका में सामने आया है कि ज्योति राज्य सरकार के निमंत्रण पर केरल गई थी। केरल सरकार में टूरिज्म मिनिस्टर पीए मोहम्मद रियाज ने भी स्पष्ट किया है कि ज्योति समेत कई ब्लॉगर्स को केरल बुलाया गया, ताकि वे केरल के टूरिज्म को देश और दुनिया में फैला सकें। इनका खर्चा सरकार ने उठाया था। मंत्री के अनुसार हमने यूट्यूबर्स को अच्छी नीयत के साथ केरल में इनवाइट किया था। इस बारे में सभी जानते हैं। पहले भी ऐसा होता आया है। आपको क्या लगता है कि राज्य सरकार ज्योति को जासूसी के लिए इनवाइट किया और उसे संबंधित सारी मदद दी गई?

### भाजपा ने केरल सरकार को घेरा

ज्योति पर नए खुलासे को लेकर भाजपा ने केरल सरकार को घेरा है। पार्टी के प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा कि आरटीआई से पता चलता है कि पाकिस्तानी जासूस ज्योति मल्होत्रा वामपंथी सरकार के निमंत्रण पर केरल आई थी और एक तरह से पर्यटन विभाग की सौजन्य से राज्य की मेहमान थी। पाक जासूसों का वामपंथियों ने रेड कारपेट बिछाकर स्वागत किया। पूनावाला ने कहा कि पर्यटन मंत्री मोहम्मद रियास केरल के सीएम विजयन के दामाद हैं। उन्हें बर्खास्त करना चाहिए।

**कार की टक्कर से बेकाबू हुई बस, जेसीबी से निकालनी लाशें**

# पंजाब में सवारियों से भरी बस पलटी, 8 की मौत, 17 घायल

**होशियारपुर (पंजाब)।** पंजाब में होशियारपुर के सगरां गांव के पास सोमवार को एक मिनी बस पलट जाने से 8 यात्रियों की मौत हो गई और 32 अन्य घायल हो गए। मुकेरियां के पुलिस उपाधीक्षक कुलविंदर सिंह विर्क ने बताया कि करीब 40 यात्रियों को लेकर बस हाजीपुर से दसुआ जा रही थी तभी चालक ने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया। घायल यात्रियों को दसुआ के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मरने वालों में मां और बेटी भी शामिल हैं। जिनकी पहचान रज्जू बाला बेटी अशरफ अली और मीना पत्नी अशरफ अली निवासी बुड्ढा मल के रूप में हुई है।

**बस में कुल 39 यात्री सवार थे, मरने वालों में मां-बेटी शामिल डीएसपी बोले, जांच के बाद कार्रवाई होगी**

### मौके पर मची चीख पुकार

यह हादसा दसूहा-हाजीपुर रोड पर अड्डा सगरां के पास हुआ। हादसे के बाद मौके पर मची चीख-पुकार को सुनकर आसपास के लोग मदद के लिए पहुंचे। मौके से घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। इसके बाद 7 से ज्यादा लोगों को गंभीर हालत में अमृतसर रेफर किया गया। बस से घायलों और मृतकों को निकालने के लिए जेसीबी का सहारा लेना पड़ा। जानकारी मिलने के बाद पुलिस भी मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई। डीएसपी का कहना है कि जांच में जो भी फैक्ट सामने आएंगे, उसके आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# हुड्डा के पूर्व प्रधान सचिव की 14 करोड़ की संपत्ति कुर्क

**आय से अधिक संपत्ति मामला**
**चंडीगढ़, दिल्ली और गुरुग्राम में कार्रवाई**

**नई दिल्ली (भाषा)।** पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा के प्रधान सचिव रह चुके आईएएस (सेवानिवृत्त) एमएल तायल की 14 करोड़ रुपये कीमत की नौ आवासीय इकाइयों को उनके खिलाफ आय से अधिक संपत्ति के मामले की जांच के तहत कुर्क किया है। ईडी ने सोमवार को कहा कि धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत चंडीगढ़, दिल्ली और गुरुग्राम स्थित इन संपत्तियों को कुर्क करने से जुड़ा अनंतिम आदेश 30 जून को जारी किया गया था। बयान के मुताबिक, सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी एमएल तायल के दो घरों और सात अपार्टमेंट की कुल कीमत 14.06 करोड़ रुपये है।

### कल देशव्यापी हड़ताल पर जाएंगे 25 करोड़ कर्मी

**नई दिल्ली (भाषा)।** बैंकिंग, बीमा से लेकर कोयला खनन, राजमार्ग और निर्माण क्षेत्र में लगे 25 करोड़ से अधिक कर्मचारी नौ जुलाई को देशव्यापी आम हड़ताल पर जाने वाले हैं जिससे देशभर में जरूरी सेवाएं प्रभावित हो सकती हैं। दस केंद्रीय श्रमिक संगठनों और उनके सहयोगी इकाइयों के एक मंच ने 'सरकार की मजदूर विरोधी, किसान विरोधी और राष्ट्र विरोधी कॉरपोरेट-समर्थक नीतियों का विरोध करने' के लिए भारत बंद का आह्वान किया है। श्रमिक संगठनों के इस मंच ने 'देशव्यापी आम हड़ताल को व्यापक रूप से सफल' बनाने का आह्वान करते हुए कहा है कि औपचारिक और अनौपचारिक/असंगठित अर्थव्यवस्था के सभी क्षेत्रों में हड़ताल के लिए तैयारी शुरू कर दी गई है।

**विवाद** सरकारी आवास पर तय समय से ज्यादा रुकने पर बोले चंद्रचूड़

# मैंने सामान बांध लिया है सरकारी आवास छोड़ दूंगा : पूर्व सीजेआई

**पत्नी और बच्चों के साथ जल्द ही किराए के आवास में चला जाऊंगा, इसे मुद्दा न बनाएं**

भाषा ▶▶| नई दिल्ली

सरकारी आवास पर निर्धारित समय से अधिक वक्त तक रहने को लेकर उठे विवाद के मद्देनजर भारत के पूर्व प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) डीवाई चंद्रचूड़ ने सोमवार को कहा कि मैंने अपना सामान बांध लिया गया है और अपनी पत्नी व बच्चों के साथ जल्द ही किराये पर सरकारी आवास में चले जाएंगे। चंद्रचूड़, उनकी पत्नी कल्पना और बेटियां प्रियंका व माही पांच कृष्ण मेनन मार्ग, नई दिल्ली स्थित प्रधान न्यायाधीश के आधिकारिक आवास में रह रहे हैं। प्रियंका और माही दोनों दिव्यांग हैं। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने बंगले में निर्धारित समय से अधिक वक्त तक रहने के कारणों को विस्तार से बताते हुए कहा, हमने वास्तव में अपना सामान बांध लिया है। हमारा सामान पहले ही पूरी तरह बांधा जा चुका है। कुछ सामान पहले ही नए घर में भेज दिया है और कुछ यहां भंडार कक्ष में रखा है।"



### कुछ ही समय की बात है

अब यह शायद कुछ दिनों की बात है, या कुछ दिनों की नहीं, बल्कि शायद ज्यादा से ज्यादा कुछ हफ्तों की। जैसे ही वे मुझे बताएंगे कि घर रहने के लिए तैयार है, मैं वहां चला जाऊंगा। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने याद किया कि उनकी बड़ी बेटी प्रियंका 2021 में और जनवरी 2022 में पीजीआई चंडीगढ़ में 44 दिनों तक गहन चिकित्सा इकाई (आईसीयू) में रही थी। और आप जानते हैं, जब हम शिमला में छुट्टियां मना रहे थे, तो उसे कुछ परेशानी हुई थी, और अब उसे ट्रैकियोस्टोमी ट्यूब (सांस लेने में मदद के लिये) लगायी गयी है...।"

### 8 नवंबर 2024 को रिटायर हुए थे

आठ नवंबर, 2024 को सेवानिवृत्त हुए 50वें प्रधान न्यायाधीश, कथित रूप से अधिक समय तक रहने के कारण आधिकारिक बंगला खाली करने के लिए उच्चतम न्यायालय प्रशासन द्वारा केंद्र को भेजे गए पत्र का जवाब दे रहे थे। पूर्व प्रधान न्यायाधीश ने विवाद पर दुःख जताया और अपनी बेटियों की चिकित्सा स्थिति का हवाला दिया, जिन्हें! 'व्हीलचेयर' अनुकूल घर की आवश्यकता थी। "मैं आपको नहीं बताऊंगा कि मैं कैसा महसूस करता हूं, लेकिन आप कल्पना कर सकते हैं कि मैं इसके बारे में कैसा महसूस करता हूं...।


# खंदराई में दूल्हे व बारातियों से मारपीट, लड़की भी नागरिक अस्पताल पहुंची, रचाई शादी

■ नचाने को लेकर लड़की के मौसरे भाई के साथ हुई कहासुनी ■ युवक ने तीन गाड़ियों में बुलाए दोस्त, कर दिया हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ गोहाना

रविवार रात को गांव खंदराई में विवाह समारोह में बारातियों से मारपीट की गई। 20-25 हमलावर तीन गाड़ियों में आए और बारातियों पर डंडे बरसाने शुरू कर दिए। इससे शादी में अफरा-तफरी मच गई। इसके बाद शादी की रस्मों को बीच में छोड़ कर दूल्हा व अन्य लोग नागरिक अस्पताल में उपचार कराने पहुंच गए। कुछ समय बाद खंदराई के लोग दुल्हन को लेकर अस्पताल पहुंचे और बातचीत करके दूल्हा को मनाया। इसके बाद अस्पताल में ही शादी की रस्मों को पूरा किया गया। यहां पर दुल्हन ने दूल्हे को वरमाला पहनाई। दूल्हे ने भी माला पहनाने की रस्म निभाई। महेंद्रगढ़ में अटेली मंडी के गांव ताजपुर से रोहन की बारात गांव खंदराई में पहुंची। यहां पर उसकी शादी पुष्पा से होती थी। जब दूल्हा घोड़ी पर बैठकर बारातियों के साथ दुल्हन के घर की तरफ जा रहा था तभी तीन वाहनों में 20-25 युवक आए। उन्होंने आते ही बारातियों पर डंडे बरसाने शुरू कर दिए। इससे शादी में अफरा-तफरी मच गई। दूल्हे रोहन के साथ उसके भाई सागर व बहन को भी पीटा गया। वे तीनों घायल हो गए और शादी को बीच में छोड़ अस्पताल गए। वहां पर गांव खंदराई के बुजुर्ग व अन्य लोग पहुंचे और दूल्हे को समझाकर शादी के लिए मनाया। उसके बाद अस्पताल में ही देर रात को दूल्हे-दूल्हन ने एक दूसरे को वरमालाएं पहनाकर शादी की रस्में पूरी की गई।

- मारपीट से विवाह स्थल पर अफरातफरी मची
- गांव के लोगों ने दूल्हे व उनके परिजनों को शादी के लिए मनाया



गोहाना। नागरिक अस्पताल में एक-दूसरे को वरमाला पहनाता जोड़ा।

### शिकायत मिलने पर जांच करेंगे

परिवार की तरफ से शिकायत नहीं मिली है। शिकायत मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।
-पवन, प्रभारी थाना शहर गोहाना

### अस्पताल से ही विदाई

अस्पताल से ही दूल्हा दुल्हन को लेकर अपने घर चला गया। बताया गया है कि बारात में लगभग 30 बाराती आए थे, जिनसे मारपीट की गई। बताया गया है कि शनिवार को दुल्हन पक्ष के लोग महेंद्रगढ़ में सगाई करने गए थे। वहां पर दुल्हन का मौसेरा भाई व उसके स्वजन भी गए थे। वहां नाचगाने के दौरान कहासुनी हो गई थी, जिसके बाद मौसेरे भाई से मारपीट कर दी थी। बताया जा रहा है कि मौसेरे भाई ने ही अपने साथियों को बुलाकर दूल्हे व अन्य बारातियों से मारपीट की।

# चालक प्रशिक्षण केंद्र का कर्मचारी 3000 रुपये रिश्वत लेता गिरफ्तार

## हैवी ड्राइविंग लाइसेंस का प्रशिक्षण लेने आए युवक से लिए पैसे

हरिभूमि न्यूज ⏭ कैथल

एंटी करप्शन ब्यूरो कैथल की टीम ने सोमवार शाम के समय नए बस स्टैंड पर बने चालक प्रशिक्षण केंद्र से एक चालक को तीन हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। इस मामले में हैवी ड्राइविंग लाइसेंस का प्रशिक्षण लेने आ रहे युवक ने आरोपी चालक हाकम सिंह पर रिश्वत लेने का आरोप लगाया। आरोपी चालक मूल रुप से खरकड़ा गांव का निवासी है और वह बस स्टैंड पर बने हैवी ड्राइविंग लाइसेंस का प्रशिक्षण केंद्र पर कार्यरत है। इस मामले में चालक के सोमवार सुबह के समय ही कलायत के बात्ता गांव निवासी अंकुश ने चालक पर रिश्वत मांगने का आरोप लगाया था। फिर दोपहर के समय एसीबी ने इंस्पेक्टर महेंद्र सिंह के नेतृत्व में टीम का गठन कर बस स्टैंड पर दबिश दी। इस दौरान उसे रिश्वत लेते हुए मौके पर ही दबोच लिया। वहीं, शिकायतकर्ता अंकुश एक और चालक जोरा सिंह पर रिश्वत मांगने का आरोप लगाया। अंकुश ने बताया कि डोहर गांव निवासी चालक जोरा सिंह भी इस चालक के साथ रिश्वत मांग रहा था, लेकिन वह सोमवार को मुरथल में एक ट्रेनिंग में गया हुआ था। इसके चलते उसने हाकम सिंह को ही रिश्वत देने के लिए कहा। अंकुश ने यह भी आरोप लगाया कि उसने एक अंडर ट्रेनिंग चालक से टेस्ट में पास कराने की एवज में तीन हजार रुपये की रिश्वत की मांग की थी। अकुंश ने बताया कि इस समय वह कैथल रोडवेज के हेवी ड्राइविंग ट्रेनिंग स्कूल में 45 दिन के चालक का प्रशिक्षण ले रहा है और उसे प्रशिक्षण शुरू ए हुए अभी 15 दिन ही हुए थे। इस दौरान उसे प्रशिक्षण दे रहे चालक हाकम सिंह ने उसे यह कहकर डराया कि अगर पैसे नहीं दिए तो टेस्ट में फेल कर देंगे

- टेस्ट पास करवाने की एवज में लेता था घूस





कैथल। टीम के साथ आरोपी कर्मचारी।

### आज अदालत में पेश करेंगे

एसीबी कैथल के इंस्पेक्टर महेंद्र सिंह ने बताया कि बात्ता निवासी अंकुश की शिकायत मिलने के बाद आरोपी चालक को गिरफ्तार करने के लिए टीम का गठन किया गया था। इसके बाद सायं करीब चार बजे बस स्टैंड पर बने प्रशिक्षण केंद्र में दबिश दी गई। इस दौरान चालक को तीन हजार रुपये की रिश्वत के साथ रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया। अब आरोपी का मेडिकल करवा मंगलवार सुबह के समय उसे अदालत में पेश किया जाएगा

# कहासुनी के बाद भांजे ने मामा को मार डाला, सिर पर मारी चोट

**गुरुग्राम।** मानेसर एरिया में मामा के साथ हुए विवाद में भांजे ने उसके सिर में चोट मारकर हत्या कर दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची तो आरोपी ने पुलिस को गुमराह करने का प्रयास किया। वहीं बाद में आरोपी ने हत्या की वारदात को अंजाम देना स्वीकार कर लिया। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। समाचार लिखे जाने तक पुलिस ने केस दर्ज नहीं किया है। पुलिस के मुताबिक, यूपी के गोंडा निवासी बद्रीनाथ के गांव नाहरपुर कासन गांव में लकड़ी गोदाम में काम करते थे। करीब एक महीने पहले बद्रीनाथ का भांजा भी इसी लकड़ी गोदाम पर आया था। बताया जा रहा है कि दोनों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। जिसके बाद भांजे ने अपने मामा के सिर पर चोट मारकर उसकी हत्या कर दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने जब आरोपी से पूछताछ की तो आरोपी ने पहले पुलिस को गुमराह किया। उसने पुलिस को बताया कि वह सुबह किसी काम से गया था। जब वापस आया तो उसका मामा लहूलुहान हालत में पड़ा हुआ था। भांजे की इस कहानी पर पुलिस को यकीन नहीं हुआ और जब सख्ती से पूछताछ की तो उसने हत्या किए जाने की वारदात को स्वीकार किया। हालांकि अभी यह खुलासा नहीं हुआ है कि आरोपी ने वारदात को अंजाम क्यों दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## पानी की टंकी में गिरने से बुजुर्ग महिला की मौत

**लोहारू।** उपमंडल के गांव गोठड़ा में एक अधेड़ उम्र की महिला की पानी हौज में गिरने से मौत हो गई। मृतक महिला के बेटे के बयानों पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शव का पोस्टमार्टम कराके शव परिजनों के हवाले कर दिया। थाना प्रभारी अशोक कुमार के अनुसार पुलिस को दिए बयान गांव गोठड़ा निवासी वजीर ने बताया कि उसके पिता की मौत के बाद से उसकी करीब 50 वर्षीय मां फूलवती मानसिक रूप से परेशान रहती थी। बीते दिवस उसकी मां घर से कहीं चली गई थी, जब उसकी तलाश की गई तो मां घर के नजदीक ही एक पानी की हौज में मृत अवस्था में मिली। घटना की सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई और शव को पोस्टमार्टम के लिए लोहारू सीएचसी शव गृह में रखवा दिया।

## वेयरहाउस की महिला कर्मी को वाहन ने कुचला

**गुरुग्राम।** आईएमटी मानेसर थाना क्षेत्र में अज्ञात वाहन से कुचले जाने पर एक युवती की मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। वहीं परिजनों की शिकायत के आधार पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। दरअसल, यूपी के रायबरेली निवासी सजनी कुमारी (20 वर्ष) अपने परिवार के साथ अलियर गांव में किराए पर रहती थी। वह यहां आईएमटी मानेसर के पास ही एक वेयरहाउस में नौकरी करती थी। बीते रविवार की शाम ड्यूटी पूरी करके वह अपने कमरे की ओर वापस जा रही थी। जब वह सेक्टर-8 के पास पहुंची तो अज्ञात वाहन ने पीछे से सजनी कुमारी को टक्कर मार दी और उसकी मौत हो गई। जांच अधिकारी संदीप कुमार ने बताया कि मामले की जांच चल रही है।

# सिरसा में भूमि विवाद में चली गोलियां, दो लोग घायल

**सिरसा।** जिला के गांव भीवां में कुछ लोगों द्वारा रविवार रात फायरिंग व धारदार हथियारों से हमला करने का मामला सामने आया है। इस हमले में 2 लोगों के घायल होने की सूचना मिली है। सूचना के बाद रोड़ी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी लेते हुए मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार गांव भीवां निवासी महेंद्र सिंह की दो शादी हुई थी। पहली पत्नी की मौत हो जाने के बाद उसने वीरपाल कौर से दूसरी शादी कर ली। पहली पत्नी से उसकी एक लडक़ी है तो वहीं दूसरी पत्नी से भी लडक़ी है। दोनों लड़कियों में एक गांव अबूबशहर व दूसरी नोहर में शादीशुदा है। महेंद्र सिंह की करीब 1 वर्ष पूर्व मौत हो जाने के बाद से उसके हिस्से की करीब 11 कनाल जमीन पर वीरपाल कौर द्वारा हक जताने से उसका देवर काका सिंह नाराज चल रहा था। महिला वीरपाल कौर ने अपने दोनों दामाद अमित व गुरनैब सिंह को पिछले करीब 10 दिनों से धान लगाने के लिए भीवां में बुलाया हुआ था। वीरपाल कौर के दामाद गुरनैब सिंह ने बताया कि रविवार रात करीब 9:30 बजे वह तथा उसका साढ़ू अमित दोनों ढाणी की छत पर बैठे थे। इसी दौरान नीचे फायरिंग की आवाज आने पर जब उन्होंने देखा काका सिंह सहित 4 लोग ढाणी में घुस गए और 4-5 अन्य लोग पीछे खड़े थे।

### अस्पताल में भर्ती

इस हमले में घायल गुरनैब सिंह व अमित को कालांवाली के सीएचसी केंद्र में दाखिल करवाया गया। गुरनैब सिंह ने बताया कि आरोपी काका सिंह ने अपने हिस्से की जमीन पहले ही बेच दी थी। अब आरोपी काका सिंह उसकी सास वीरपाल कौर के हक में आने वाली 11 कनाल भूमि भी हड़पना चाहता है। जिसके लिए वह पिछले करीब 1 वर्ष से विवाद कर रहा है। उक्त जमीन उसके ससुर महेंद्र सिंह उर्फ लालजी के नाम पर है। जोकि वे पिछले कुछ समय से ठेके पर देते आ रहे हैं, लेकिन इस बार उन्होंने स्वयं काश्त करने का मन बनाया था। रोड़ी थाना प्रभारी जनक सिंह ने बताया कि पुलिस ने इस संबंध में काका सिंह व कुछ अन्य के खिलाफ केस दर्ज किया है।



